## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 12.07.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 12.07.2025**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## "थाना समाधान दिवस" के अवसर पर आयोजित जनसुनवाई में पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा आमजन की समस्याओं को सुना गया एवं उनके निराकरण हेतु दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश-






आज दिनांक- 12.07.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर जनपद महोबा के थाना कुलपहाड़ एवं थाना महोबकंठ में पहुँचकर क्षेत्र से आये फरियादियों की समस्याओं की जनसुनवाई की गयी।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सभी फरियादियों को उनकी समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र समाधान हेतु आश्वस्त किया। उन्होंने मौके पर ही राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर प्राप्त शिकायतों के शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए।

उन्होने कहा कि समाधान दिवस का उद्देश्य जनसामान्य की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनकर पारदर्शी, त्वरित एवं न्यायसंगत समाधान सुनिश्चित करना है।

जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा राजस्व विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर अपने-अपने थानों पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच कर, शिकायतों के निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संयुक्त टीमों द्वारा मौके पर जाकर त्वरित कार्यवाही की गई।

थाना समाधान दिवस के अंतर्गत जनपद में कुल 10 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 07 शिकायतें राजस्व से सम्बन्धित व 03 शिकायत पुलिस से सम्बन्धित पायी गयी हैं, प्राप्त सभी शिकायतों के समाधान/निस्तारण हेतु प्रभावी कार्यवाही प्रगति पर है।

# महोबा पुलिस

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 12.07.2025**

**मीडिया सेल, महोबा**

## क्षेत्राधिकारी चऱखारी द्वारा थाना चरखारी का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान थाना कार्यो की बिन्दुवार समीक्षा की गयी, दिए गए महत्वपूर्ण निर्देश...।

दिनांक- 11.07.2025 को क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकांत गोंड द्वारा थाना चरखारी का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना अभिलेखों की अद्यावधिक स्थिति, मालखाना में रखी मुकदमाती वस्तुओं/वाहनों की सुरक्षा एवं निस्तारण की स्थिति, शस्त्र एवं कारतूस, एंटी राइट उपकरणों के रखरखाव की समीक्षा करते हुए जांच की। जांच के क्रम में संबंधित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए हैं।

क्षेत्राधिकारी चरखारी द्वारा थाना परिसर के मेस व बैरक भवनों का भी निरीक्षण कर साफ-सफाई, रंगाई-पुताई आदि के संबंध में स्पष्ट निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर थानाध्यक्ष एवं सभी उपनिरीक्षकों के साथ बैठक कर उच्चाधिकारियों के आदेशों के त्वरित अनुपालन, लंबित विवेचनाओं एवं IGRS शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण, निरोधात्मक कार्यवाहियों, नियमित पैदल गश्त, संदिग्ध वाहनों की चेकिंग तथा जुआ, मादक पदार्थों, अवैध शराब, अवैध खनन/परिवहन इत्यादि के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

इस निरीक्षण के दौरान थानाध्यक्ष चरखारी श्री प्रवीण कुमार सिंह, थानाहाजा के समस्त विवेचक, समस्त चौकी प्रभारीगण तथा थाना स्टाफ मौजूद रहा।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 12.07.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना श्रीनगर पुलिस टीम ने अवैध तमंचा व कारतूस के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में अवैध शस्त्र धारकों की गिरफ्तारी व अवैध शस्त्र की बरामदगी के सम्बन्ध में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकांत गोडं के निकट के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना श्रीनगर अवधेश कुमार मिश्र द्वारा गठित टीम के उ0नि0 निकिता शुक्ला, हे0का0 अमरेश , का0 शीलू यादव द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर कबूतरा डेरा मोड भंडरा रोड बहद ग्राम किशोरगंज बिलरही से एक नफर अभियुक्त महेश राजपूत पुत्र हरगोविंद राजपूत उम्र करीब 45 वर्ष निवासी ग्राम भण्डरा थाना श्रीनगर जनपद महोबा को एक अदद नाजायज देशी तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामद नाजायज तमंचा कारतूस के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु.अ.सं. 139/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अभियुक्त को न्यायालय पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 निकिता शुक्ला
2. हे0का0 अमरेश
3. का0 शीलू यादव

### गिरफ्तार अभियुक्त-

महेश राजपूत पुत्र हरगोविंद राजपूत उम्र करीब 45 वर्ष निवासी ग्राम भण्डरा थाना श्रीनगर जनपद महोबा



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 12.07.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना श्रीनगर पुलिस टीम ने 10-10 लीटर कच्ची अवैध शराब के साथ 02 नफर अभियुक्ताओं को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में अवैध शराब की बिक्री की रोकथाम व बरामदगी/ गिरफ्तारी के सम्बन्ध में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी रविकान्त गोडं के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना श्रीगर अवधेश कुमार मिश्र द्वारा गठित टीम के उ0नि0 विकासधर दुबे मय हमराह उ0नि0 कन्हैयालाल पटेल, म0का0 शिवानी सिंह द्वारा 02 नफर अभियुक्तागण 1.मुस्कान कबूतरा पत्नी अक्षय उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम सेलामाफ ननौरा थाना श्रीनगर जनपद महोबा 2.संगीता कबूतरा पत्नी पप्पू उम्र 34 वर्ष निवासी कबूतरा ड़ेरा ग्राम बिलखी थाना श्रीनगर जनपद महोबा को कबूतरा डेरा के पास से बहद ग्राम ननौरा थाना श्रीनगर जनपद महोबा से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्तगण उपरोक्त के कब्जे से मौके पर दो प्लास्टिक की पिपियों में क्रमशः 10-10 ली0 अवैध कच्ची शराब महुआ बरामद की गयी। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना श्रीनगर पर मु.अ.सं. 137/25 व 138/25 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

### बरामदगी-

10- 10 ली0 अवैध कच्ची शराब महुआ बरामद होना।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम :-

1. उ0नि0 विकासधर दुबे
2. उ0नि0 कन्हैयालाल पटेल
3. म0का0 शिवानी सिंह

### गिरफ्तार अभियुक्तगण :-

1.मुस्कान कबूतरा पत्नी अक्षय उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम सेलामाफ ननौरा थाना श्रीनगर जनपद महोबा

2. संगीता कबूतरा पत्नी पप्पू उम्र 34 वर्ष निवासी कबूतरा ड़ेरा ग्राम बिलखी थाना श्रीनगर जनपद महोबा

